यह खुशी की बात है कि जनता पार्टी ने सारे देश मे एक ऐसा वातावरण जो अच्छा है पैदा कर दिया है कि जनता पार्टी कृषि, कुटीर उद्योगो, ग्रामीण उद्योगो के ऊपर जोर देगी। मेरा सभी माननीय सदस्यो से निवेदन है कि भारत मे क्या टैक्नोलोजी होनी चाहिये उसके बारे मे कम से कम वे अपनी दृष्टि बनाए। रूस औ अमरीका के समान भारत मे टैक्नोलौजी नही हो सकती है। रूस मे एक वर्ग मील मे मुश्किल से सात व्यक्ति रहते हैं, अमरीका मे बीस बाईस रहते हैं लेकिन भारत मे चार सौ रहते हैं। साथ ही हमारे यहा पूजी की कमी है जबकि उन देशो मे इसकी बहुतायत है। इस वास्ते उनके समान भारत मे तकनीकी को नही अपनाया जा सकता है। यह सबसे बडा दुष्परिणाम जनता पार्टी को पिछली हकूमत से जो तीस साल तक राज्य करती रही हैं, विरासत मे मिला है। उसी का यह परिणाम है कि भारत मे चार करोड़ के करीब लोग बेकार हैं। अर्द्ध-बेकार हैं, गुंडागर्दी है, सट्टा है, बेरोजगारी है, ला एण्ड आर्डर की समस्या है। इन सब का हमें मुकाबला करना है। बजट के द्वारा जो एक आशा लोगो मे जगी थी वह थोड़ी निराशा मे परिवर्तित हो गई है। हजार, दस हजार, पाच हजार के नोटो का आपने प्र चलन बन्द कर दिया था और उससे भारत की जनता को आशा बधी थी और वह बडी आशा जनता पार्टी की सरकार से लगाए बैठी थी लेकिन उस आशा के अन्दर निराशा का भाव पैदा हुआ है।

हमने घोषणा कर रखी है कि दस साल के अन्दर बेकारी और बेरोजगारी हम खत्म कर देंगे। लेकिन बजट को देखने से निराशा ही हाथ लगती है। इसमे बैर बराबरी को खत्म करने के लिए कोई प्रावधान नही किया गया है, किसानो को उनकी उपज का उचित मूल्य मिल सके इसका कोई प्रावधान नही किया गया है, मूल्यो मे स्थिरता बनी रह सके इसका कोई प्रभावशाली उपाय नही किया गया है। किसान द्वारा पैदा की गई चीजो के मूल्यों की स्थिरता की कोई व्यवस्था नही की गई है। घाटे का बजट होने के कारण जो कारखानो मे चीजे बनती हैं उनके मूल्यो मे वृद्धि होगी। घाटे का बजट वहा अच्छा होता है जहा औद्योगिक मदी होती है और साथ ही जो औजार प्रधान होता है, जहा टैक्नोलौजी उन्नत होती है। भारत एक कृषि प्रधान विकासशील देश है और साथ ही मनुष्य प्रधान देश भी है। कृषि और मनुष्य प्रधान देश मे घाटे की अर्थ व्यवस्था कल्याणकारी नही हो सकती है। दुर्भाग्य से बीस पच्चीस वर्ष से जिस नीति पर सरकार चलती आ रही है उसको अब भी अपना लिया गया है और यह भी उसी का एक दुष्परिणाम है।

आप देखें कि किस प्रकार से गैर बराबरी को खत्म किया जा सकता है और साथ ही जो भारत मे आज फ्यूडल मैंटेलिटी है उस पर

रोक लगाई जा सकती है। अभी पूंजीवाद तो दूर भारत में सामन्ती व्यवस्था तक को खत्म नहीं किया गया है। सबसे पहले सामंती व्यवस्था को खत्म करना होता है उसके बाद पूंजीवादी व्यवस्था को समाप्त करने की बारी आती है और उसके बाद ही समाजवाद आता है। फ्यूडल एलीमेंट्स को खत्म करने के बारे में आशा बंधी थी वह भी पूरी नहीं हुई है। आप कम से कम यह तो कहें कि एक व्यक्ति की, एक सरकारी अधिकारी की, कर्मचारी की कम से कम और ज्यादा से ज्यादा कितनी तनख्वाह होनी चाहिये। मेरी राय में 2,000 रु० से ज्यादा मासिक किसी को नहीं देना चाहिये। एक वर्ष में 24,000 रु० होते हैं। आज एक व्यक्ति की औसत आय एक वर्ग की हिन्दुस्तान में 1,000 रु० साल है। आपने अपने घोषणा पत्र में कहा है कि 1 और 20 का अन्तर होना चाहिये। आज आप अगर ऐसा करते तो जनता पार्टी के ऊपर गरीब लोगों की आशा बढ़ती। इसलिये आप आय की सीमा बांधें और साथ साथ खर्चे की सीमा भी बांधे। हिन्दुस्तान में सबसे ज्यादा जरूरत है आज खर्च पर रोक और उपभोग पर रोक। लेकिन जनता पार्टी ने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया है। मेरा सुझाव है कि 24,000 रु० साल से ज्यादा जो खर्च करते हैं उन पर खर्च टैक्स लगाया जाय। उन पर 100 प्रतिशत टैक्स लगाया जाय ताकि सामन्ती प्रवृत्ति समाप्त हो सके। आज सारी सम्पत्ति का दुरुपयोग हो रहा है, उसको रोकने की जरूरत है। आय और खर्च की सीमा में कोई तालमेल नहीं है। एक व्यक्ति के पास 10 मकान रहें और एक के पास रहने के लिये एक हजार स्क्वायर फीट की जगह न रहे। इस उपभोग पर रोक होनी चाहिये। एक व्यक्ति के पास में मिल्कियत 10 लाख की हो सकती है लेकिन उसके पास में 10 या 20 जोड़े से ज्यादा कपड़े नहीं हो सकते हैं। इसलिये उपभोग पर रोक होनी चाहिये। खर्च पर रोक सामन्ती पर रोक लगायेगी। और जिस तरह से दूसरे देशों ने तरक्की की है उस ओर इस बजट में कोई जिक्र नहीं है।

आज कृषि से जो आय होती है उस पर इन्कम टैक्स नहीं लगाया गया है। आज हिन्दुस्तान के बड़े बड़े पैसे वाले कृषि पर आय कर न होने के कारण क्या कर रहे हैं? वह मुश्किल से 100 क्विंटल अनाज पैदा करते हैं, लेकिन दिखाते हैं एक हजार क्विंटल और इस प्रकार ब्लैक मनी को व्हाइट करते हैं। जिस दिन यह घोषित कर दिया जायगा कि कृषि से और अन्य व्यापार से जो आय होती है उसको जोड़ कर इन्कम टैक्स लगेगा उस दिन वह खत्म हो जायगा। साथ ही यह लक्ष्य होना चाहिये जनता पार्टी का कि एक व्यक्ति और एक व्यवसाय। अगर यह लक्ष्य रखते हुए तात्कालिक रूप से यह घोषणा कर दी जाय कि वह व्यक्ति जिसकी आय 20,000 रु० किसी एक व्यवसाय से है उसको दूसरे व्यवसाय के अन्दर काम नहीं करने दिया जायगा तो उससे करोड़ों लोगों को देश के अन्दर रोजगार मिलेगा और सामन्ती मिटेगी, पूंजीशाही मिटेगी और गैर बराबरी खत्म होगी।

मान्यवर, कर वह अच्छे होते हैं जो सीधे होते हैं, मतलब सीधे लगते हैं। अप्रत्यक्ष करों की भरमार है। सब लोग आलोचना करते हैं। मैं वित्त मन्त्री जी को सुझाव देता हूं कि वह कर लगायें जो कि सौ में से एक या हजार में से एक के ऊपर हो सकता है। लगाये उस पर जिनके पास मोटर है। उस पर मोटर के उपभोग का कर लगाये। जिस प्रकार से रेडियो का लाइसेंस लेना पड़ता है उसी तरह से मोटर रखने वाले को 1,000 रु० उपभोग लाइसेंस का देना पड़ेगा। जो रेफ्रीजरेटर रखता है उसको 200 रु० उपभोग का लाइसेंस लेना पड़ेगा। इसी प्रकार गीजर, रेडियोग्राम, टेप रिकार्डर रखने वालों पर उपभोग कर लगाये। इन पर कर लगाये तो मुश्किल से एक हजार में से एक व्यक्ति को उपभोग लाइसेंस लेना पड़ेगा और सरकार को कम से कम 500, 600 करोड़ रु० की आय होगी। टी० वी० का लाइसेंस 50 रु० का है। क्यों नहीं 150 रु० करते हैं। टी० वी० कौन लोग रखते हैं? मुश्किल से एक हजार में

[श्री कल्याण जैन]

से 5 या 10 व्यक्ति रखते होंगे। लेकिन उनको नहीं छुआ गया है। इसलिये आप जनता पार्टी के दिये हुए वायदों को कि 10 साल से गरीबी और बेरोजगारी खत्म करना चाहते हैं, इस प्रकार वह 50 साल में भी पूरा नहीं कर पायेंगे। इस पर आपको गम्भीरता से सोचना है।

अन्यथा, इसी तरह से स्वतन्त्रता संग्राम के सेनानियों को 35 करोड़ रु० पेंशन के रूप में दिया जाता है, उसी प्रकार भूतपूर्व संसद् सदस्यों को भी पेंशन दी जाती है। यह आपको बन्द करना चाहिये। इसी तरह से सेवा निवृत्ति की आयु 55 वर्ष रखी जाये और किसी को एक्स-टेंशन न दिया जाय। आज राजस्व के अन्दर जो वृद्धि हो रही है वह किस में हो रही है? आज सारा राजस्व जो खर्च हो रहा है वह पदों की पूर्ति करने के अन्दर खर्च हो रहा है। अर्थात् अनुत्पादक नौकरी करने वालों की संख्या बढ़ायी जा रही है। आज देश की ऐसी अर्थ व्यवस्था है कि किसी एक व्यक्ति को अनुत्पादक नौकरी में लगाने का मतलब होगा हिन्दुस्तान को पीछे ढकेलना। आज उत्पादन कामों में लोगों को लगाये। इस बात की चिन्ता न कीजिये कि उत्पादन कम हुआ है या ज्यादा हुआ है। इस बात का ध्यान रखिये कि उत्पादन कितने लोगों के द्वारा हुआ है। 5 प्रतिशत की जगह 3 प्रतिशत उत्पादन की वृद्धि हुई कोई बात नहीं है। हम को तो इस बात का ध्यान रखना है कि उत्पादन के अन्दर कितने लोगों को लगाया गया है। कैपिटल इंटेंसिव इंडस्ट्री हमें नहीं चाहिये, बल्कि लेबर इंटेंसिव इंडस्ट्री चाहिये हिन्दुस्तान के अन्दर।

आज हिन्दुस्तान में छठी कक्षा से 3 भाषा का फार्मूला लागू किया गया है। मेरा निवेदन है कि दुनिया के किसी भी मुल्क में 3 भाषा का फार्मूला नहीं है। कम से कम इसे छठी कक्षा के से बन्द करके आठवीं कक्षा से किया जाये। इससे हिन्दुस्तान के राज्यों में 100 करोड़ रुपये की बचत होगी और इससे अच्छे मास्टरों से अन्य अशिक्षित लोगों को शिक्षा दिलाई जा सकेगी। पब्लिक स्कूलों को भी समाप्त करने से करोड़ों रुपयों की बचत हो सकती है।

राज्यों के द्वारा भी भयंकर रूप से घाटे के बजट बनाये जा रहे हैं। आज मैंने अखबार में पढ़ा। बिहार की सरकार का घाटे का बजट 1 अरब 18 करोड़ रुपये का है। ऐसा शायद ही कहीं सुनने को मिला हो। तमाम प्रान्तों के घाटे के बजट हैं, यह कोई अच्छी चीज नहीं है। मध्यम और अपर-मध्यम वर्ग के लोगों पर टैक्स लगाया जाये और छोटा पर खर्च किया जाये। अगर इस पर रोक नहीं लगेगी तो यह प्रवृत्ति बढ़ती रहेगी और जनता पार्टी की सरकार और गैर जनता सरकार को इस ओर ध्यान देना चाहिये।

आज सबसे ज्यादा जरूरत इस बात की है कि उद्योगों की सीमा बांध दें। कि कौनसा उद्योग कुटीर उद्योग और स्माल स्केल में आयेगा और कौनसा उद्योग बड़े उद्योग में आयेगा। आज बीडी कुटीर उद्योग में बनती है, उससे 50 लाख लोगों को रोजगार मिलता है। जिस दिन बीडी स्माल स्केल में मशीन से बनने लगेगी, मुश्किल से लाख दो लाख व्यक्ति उससे रोजगार पा सकेंगे। इसलिये दियासलाई और बीडी के उद्योगों के बारे में घोषणा करनी चाहिये कि 4, 5 साल में इन्हें कुटीर उद्योगों में ला देंगे। मैं तो यहां तक कहना चाहता हूं कि दियासलाई का कारखाना जो कि विमको मल्टी नेशनल कम्पनी है, जहां मुश्किल से हजार, दो हजार आदमी काम करते हैं, उसको आग लगा देनी चाहिये। जब तक इस ओर ध्यान नहीं दिया जायेगा, तब तक लाखों लोग रोजगार नहीं पा सकेंगे। आज कुटीर उद्योग और छोटे उद्योगों की ओर ध्यान नहीं है।

आज आप सनलाइट, लाइफब्वाय, रेक्सोना साबुन की तुलना बाजार में कर सकते हैं। आपको इन पर एक्साइज बढ़ाना

चाहिये आज भी साबुन, तेल, मंजन और सौन्दर्य प्रसाधन की वस्तुएं बड़े उद्योगों के द्वारा, मल्टी नेशनल्स के द्वारा बनाई जाती हैं। इन पर एक्साइज शुल्क ज्यादा होना चाहिये। जो चीजें कुटीर उद्योगों स्माल स्केल इण्डस्ट्रीज के द्वारा बनाई जाती है, उन पर एक्साइज शुल्क माफ होना चाहिये तब ही वह कंपीटीशन में आ सकेंगे। जब मनलाइट एक रुपये में मिलेगा और हाथ से बना दूसरा 90 पैसे में मिलेगा तो सादा साबुन जनता नहीं लेगी, मनलाइट ही खरीदेगी। उसमें 1 और डेढ़ गुना का डिफरेंस होना चाहिये। साबुन में न किसी क्वालिफिकेशन की जरूरत है और न क्वालिटी की। इसलिये कुटीर उद्योग को प्रोटेक्शन देने के लिये जरूरी हो जायेगा कि हैवी इंडस्ट्रीज के अन्दर मल्टी नेशनल कम्पनीज द्वारा निर्मित वस्तुओं पर एक्साइज बढ़ावें।

आज वनस्पति घी बनाने वाले साबुन बनाते हैं। इनको क्यों न बंद किया जाये अगर साबुन को स्माल स्केल में कर देते हैं तो इससे लाखों लोगों को धन्धा मिलेगा।

शुगर, गन्ने, गुड़ की भी बहुत ज्यादा बात हुई है। आज जरूरत इस बात की है कि किसान को गन्ने की क्या कीमत मिलती है, इस बात की नहीं कि शुगर किस भाव पर मिलती है। जो शुगर बाजार में बिकती है उसके दामों में और कंट्रोल रेट की शुगर के दामों में सामजस्य किया जाये। मैंने सुझाव दिया था कि इससे 140 करोड़ बल्कि 180 करोड़ रुपये की एक्साइज में वृद्धि होगी, अगर आप एक्साइज 80 रुपये प्रति क्विंटल शुगर पर कर देते हैं। दोहरी मूल्य प्रणाली को खत्म कर दिया जाये। 180 करोड़ रुपया एक्साइज में ज्यादा मिलेगा और गुड़ 2 रुपये किलो मिलेगा और शुगर 3 रुपये के आसपास मिलेगी। हिन्दुस्तान के 8 करोड़ किसान जो खेती करते हैं, उससे उनको फायदा मिलेगा।

इसी प्रकार से कपड़ा उद्योग में भी निश्चित मात्रा में कंट्रोल का कपड़ा बनाने के लिये मजबूर किया जाता है, वह बन्द किया जाना चाहिये। कंट्रोल का कपड़ा किसी को भी सस्ते भाव पर नहीं मिलता है, वह कुछ सोसाइटी लेती है और ब्लैक में बेच देती है। श्री पटवारी ने ठीक ही कहा कि कन्ट्रोल और दोहरी मूल्य प्रणालियों को खत्म किया जाये। मैं वित्त मंत्री से निवेदन करूंगा कि कंट्रोल क्लाथ को खत्म करें और साथ ही मिल प्राइस और उपभोक्ता प्राइस में 20, 25 प्रतिशत से ज्यादा अन्तर नहीं होना चाहिये, आज यह 40, 45 प्रतिशत का अन्तर है।

इसी प्रकार से दवाईयों की बात बराबर इस सदन में कही गई है। दवाइयों में मल्टी-नेशनल कम्पनीज और बड़ी इण्डस्ट्रीज करोड़ों रुपया कमा रही हैं। जनता पार्टी की सरकार को बने एक साल हो गया है, लेकिन इस सम्बन्ध में कोई कार्यवाही नहीं की गई है। इससे मुझे शंका होने लगी है कि कहीं वह लाबी तो काम नहीं कर रही है, जिस से मिनिस्टर और अधिकारी भ्रष्ट होते हैं। आखिर हाथी कमेटी की सिफारिशों को कार्यान्वित क्यों नहीं किया जाता है, ताकि दवाओं के पेटेन्टस के बजाये उन के कनटेन्टस बिकें। इसलिए यह जरूरी है कि हाथी कमेटी की सिफारिशों को तुरन्त कार्यान्वित किया जाये। श्री जनेश्वर मिश्र इस समय सदन में बैठे हुए हैं। मेरा आग्रह है कि वह इस ओर ध्यान दें।

मेरा सुझाव है कि वाहनों की खरीद के लिये सरकार और बैंकों के द्वारा कर्ज नहीं दिये जाने चाहिये।

जनता पार्टी की पार्लियामेंटरी पार्टी ने सभी संसद सदस्यों को एक परिपत्र भेज कर अपनी सम्पत्ति की घोषणा करने के लिए कहा था। वास्तव में जनता पार्टी ने इस विषय में शुरुआत की है। हम ने अपनी सम्पत्ति का विवरण दे दिया है, लेकिन सार्वजनिक रूप से उस का प्रकाशन नहीं हुआ है। मैं चाहता हूं कि ऐसा नियम या कानून बनाया जाये

[श्री कल्याण जैन]

कि संसद सदस्य, विधायक, और यहां तक कि सरपंच, स्थानीय स्तर पर अपनी अपनी सम्पत्ति की घोषणा करें, ताकि जनता को उस की जानकारी हो सके ।

जिस व्यक्ति की सम्पत्ति पांच लाख रुपये से ज्यादा है, उस का भी प्रकाशन होना चाहिए । इसके अतिरिक्त जो व्यक्ति दस हजार रुपये आयकर दे रहा है, उस की सम्पत्ति का भी प्रकाशन होना चाहिए ।

मेरा सुझाव है—इस सम्बन्ध में बनी एक कमेटी ने भी यही सुझाव दिया था—कि इस समय जो चौदह, पंद्रह बैंक हैं, उन्हें एमलगमेट कर के चार पांच बैंकों में परिवर्तित कर दिया जाये ।

एक व्यक्ति या एक कनसर्न का एक ही बैंक से सम्बन्ध होना चाहिए । आज एक एक व्यक्ति पांच छः बैंकों से सम्बंधित है, जिससे लाखों करोड़ों रुपयों की बदमाशी होती है ।

यह खुशी की बात है कि आज हमारे देश में महंगाई नहीं बढ़ रही है । इसका एकमात्र कारण यह है कि हमारे पास रिजर्व फ़ोरेन एक्सचेंज और अनाज का भारी स्टाक है । अगर हमारे पास रिजर्व फ़ोरेन एक्सचेंज और अनाज का स्टाक न होता, तो घाटे का बजट पेश करने पर 10 प्रतिशत मूल्य वृद्धि हो जाती । लेकिन यह जरूरी है कि रिजर्व फ़ोरेन एक्सचेंज का सदुपयोग किया जाये । सीमेंट प्लांट, थर्मल प्लांट और पेपर प्लांट आदि का इमपोर्ट किया जाये, ताकि जिन चीजों की हमारे देश में कमी है, देश में उनका उत्पादन किया जा सके और इन उद्योगों में लोगों को काम भी मिल सके ।

कैपिटल गन्ज का लाभ केवल बड़े लोगों को मिला है, छोटे लोगों को नहीं । सोना, चांदी और मकान को छोड़ कर चल सम्पत्ति पर जो कैपिटल गेन दिया जा रहा है, उसे बन्द करना चाहिए । उस का दुरुपयोग हो रहा है। माननीय सदस्य, श्री सुबह मण्यम का यह सुझाव अच्छा है कि इस बात की जांच होनी चाहिए कि अब तक कैपिटल गेन्स से किन लोगों को फ़ायदा हुआ है । पूंजी विनियोजन का फ़ायदा बड़े लोगों को ही मिला है । काले धन के बारे में माननीय सदस्य, श्री अमीन, ने सुझाव दिया है । यह घोषणा कर दी जाये कि जो लोग मकान बनाने, रेल की पटरी बिछाने और गंगा या कावेरी की सिंचाई योजनाओं पर रुपया लगायेंगे उन से यह नहीं पूछा जायेगा कि उन्होंने वह रुपया कहां से प्राप्त किया है । इस प्रकार दस हजार करोड़ रुपये को निर्माण और प्रगति के लिए काम में लाया जा सकता है । इस से लोगों को रोजगार भी मिलेगा ।

MR. DEPUTY-SPEAKER: The hon. Member may kindly conclude now.

श्री कल्याण जैन: एक्साइज ड्यूटी को जो 2 प्रतिशत से 5 प्रतिशत कर दिया गया है, उसे खत्म किया जाये । पंद्रह लाख रुपये से ऊपर प्राडक्शन करने वालों पर एक्साइज ड्यूटी लगाई गई है । यह अच्छा नहीं है । इस तरह सरकार स्माल स्केल सेक्टर को फ़ायदा नहीं पहुंचायेगी और इस से करप्शन भी बढ़ेगा ।

अगर हिन्दुस्तान में कम्प्यूटर, हारवेस्टर और बड़े ट्रैक्टर का उपयोग होगा, तो हिन्दुस्तान में ग़रीबी की रेखा से नीचे रहने वालों की संख्या बढ़ती जायेगी, और दूसरी तरफ़ अमीर लोगों की संख्या भी बढ़ती जायेगी । इससे मध्यम तथा निम्न-मध्यम वर्गों के बीच लड़ाई होगी, जैसाकि इस समय बिहार में हो रहा है । बड़े लोग तमाशा देख रहे हैं और बड़े लोगों के अखबार इस की खबरें छाप रहे हैं । हमारे देश में ग़रीब बोल नहीं सकता है, पढ़ लिख नहीं सकता है । उस में जान नहीं है । बड़े लोग मिडल क्लास और लोअर मिडल क्लास को आपस में लड़ाते रहेंगे । इसलिए

देश में कम्प्यूटर हारवेस्टर और बड़े ट्रैक्टर का उपयोग बन्द होना चाहिए ।

MR. DEPUTY-SPEAKER: I am calling the next speaker now.

श्री कल्याण जैन : स्वर्ण नियंत्रण कानून को वापस लेना चाहिए । कारों में डीजल इंजिनों का प्रयोग करने की इजाजत नहीं देनी चाहिए और पेट्रोल इंजिनों को ही बनाये रखना चाहिए । एस० टी० सी० और एम० एम० टी० सी० आदि कार्पोरेशन्ज का प्रजातंत्रीकरण होना चाहिए । हिन्दुस्तान के पब्लिक सैक्टर में करोड़ों रुपये लगे हुए हैं । इसलिए उन के प्रबन्ध को अच्छा बनाकर उनकी आय बढ़ानी चाहिए ताकि वह पैसा देश के निर्माण में लग सके ।

न्यायालयों के बारे में श्री शान्ति भूषण ने कहा है, जो अखबारों में आया है कि किसी भी केस का छोटी कोर्ट से बड़ी कोर्ट तक एक साल में फैसला हो जाना चाहिए ।

MR. DEPUTY-SPEAKER: Mr. Kalyan Jain please take your seat now. I now call Mr. Balakrishniah.

श्री कल्याण जैन : मुझे आशा है कि वित्त मंत्री मेरे सुझावों पर ध्यान देंगे ।

SHRI T. BALAKRISHNIAH (Tirupathi): Mr. Deputy-Speaker, Sir, the present budget is an *ad hoc* budget. There is no rational thinking in it, nor is any special philosophy involved in the budget. It is said that the budget is disappointing and it has failed to solve the economic problems of the country in general and the problems of the economically backward areas in particular. Just like there are backward people, similarly, there are backward areas also in the country and this budget does not seem to worry about the backward areas in the country. I am referring particularly to the Rayalaseema area of Andhra Pradesh, which is very much backward economically as it is a rain-fed area. The normal rainfall in Rayalaseema is far below the average; rather it is scanty and so there is very little of agriculture and industries. The result is that a large number of people, both educated and uneducated, are unemployed because there is no scope for employment for them. Even though that area is full of natural and mineral resources, Government have not taken any initiative to exploit them. Even when some industries are sponsored, they are started mostly in urban areas like Hyderabad, Bangalore or Jubbalpore. If this is the attitude of the Government, how can they solve the problem of unemployment or improve the condition in the rural areas of the country? The rural areas can be improved only when there is decentralisation of industries. More industries should be set up in rural areas than in urban areas.

This budget has been criticised even by the industrialists. They are afraid that even though the production may increase, there will be no purchasing power in the hands of the people. Government have not taken the initiative to create purchasing power among the people. Further, the massive increase in the rate of general excise duty from 2 to 5 per cent on unspecified items, coupled with the uncovered deficit in the budget, may lead to a general increase in prices and may accentuate the inflationary pressure.

I would say that one of the reasons for the increase in prices is the check-posts. Dal, which costs Rs. 250 per quintal in Rajasthan, by the time it reaches Madras or some other place costs Rs. 550 per quintal, because the traders have to pay so many unauthorised payments to so many people at the check-posts. So, the traders are forced to pass on this burden to the poor consumers by increasing the prices. That is why even when the wholesale price is low, the consumer price is very much higher. The result is that the common man is suffering. What steps have the Government taken to check this type of unauthorised price rise

[Shri T. Balakrishniah]

with regard to essential commodities like wheat, rice, sugar, oil and dal, which are articles of daily use?

Here I would like to read a quotation of a Roman philosopher, who was a great economist. I am tempted to quote it because this is an unbalanced budget. He says:

> "The budget should be balanced; the treasury should be replenished, public debt should be reduced, the arrogance of officialdom should be tempered and controlled and the assistance of foreign loans should be reduced, lest the State becomes bankrupt; the people should be forced to work and not to depend upon Government for sustenance."

What steps have been taken to see that the people are given work? How are they going to provide work to the people? If people have work, there will be no starvation As long as there is no work, there will be unemployment and there will be starvation and there will be agitation and both educated and uneducated youths will join the agitation.

AN HON. MEMBER: In that quotation there is a suggestion that the people should be forced to work

SHRI T. BALAKRISHNIAH: Yes, that is true. If you create opportunities for them to get employment, they will work If you do not create opportunities, there will be no work for them.

The overall deficit in the Budget of 1977-78 has gone up to Rs. 975 crores and it may go upto 1050 crores. What I submit is that there are a number of expenses which the Ministry has to cut down. Very recently, I read in the newspapers that the Ministers who have been pleading all these days that they have come from humble middle class families, that they will improve the economic conditions of the people and will look after the welfare of the people, are now asking for more amenities and lakhs of rupees have been spent for providing additional amenities for them. Crores of rupees are being spent on foreign tours. During the election time, all these Janata Ministers have been going by helicopters, spending a lot of money. This is unnecessary expenditure which costs much to the State Exchequer. This unnecessary expenditure must be stopped. Delhi Airport is already a first-class airport They are going to spend another Rs. 4 crores in order to improve it further. They are spending crores of rupees in order to beautify all the cosmopolitan cities. When there are villages in the country where even after 30 years of Independence there is no drinking water, no roads, no schools and health facilities, why should they spend money to beautify the cities of this country? This is what I call a wasteful expenditure and this expenditure is responsible for this deficit.

The Department has no programme by which they can tap the rich people in order to get more money. The deficit is record breaking in the history of Indian Budgets. The rich people are spending money lavishly on their luxurious living.

The other day, our Prime Minister said in Coimbatore that Minority Commission would be appointed. I read in the newspapers that a minorities Commission had already been appointed He said that it would be appointed If this is the Minorities Commission, is it to abolish the reservations given to backward and other minorities? Or will this Government continue the reservations for Scheduled Castes and Scheduled Tribes after 1980? My fear is that they may stop giving reservations to SC&STs after 1980 in view of the appointment of these commissions and all that.

The atrocities on Harijans have been increasing particularly after the advent of the Janata Party rule at the Centre. Some rich people in the rural areas are under the impression

that the Government at the Centre is ruled by the rural rich persons. This wrong impression has to be erased. The Prime Minister while speaking in Coimbatore said that atrocities committed on Harijans were more in the days when Congress was in power than at present. The Home Minister, Mr. Charan Singh, while replying to the discussion on the Report of the Commission for Scheduled Castes and Scheduled Tribes in the last session also gave the same statement. Mr. Karpuri Thakur, Chief Minister of Bihar, who has failed to maintain law and order in his State, during his election tour in Andhra Pradesh also uttered the same words. I want to know whether all these people are comparing the number of atrocities committed on Harijans during these 30 years to that of the number of atrocities committed during these 11 months as a defence for these people or they are going to take effective steps to put an end to these atrocities. There should be an end to these atrocities. The Janata Government committed to special opportunities for backward classes and the reservation from 25 per cent to 36 per cent for those classes in Government jobs.

Now there is a demonstration, a counter demonstration in certain classes, in certain States. What steps they are going to take to see that these reservations are given for the backward classes and other minorities in this country.

There is a wide discussion on Centre State relationships and much has appeared in the press. Many States are pressing for more powers. There is a suggestion for revival of the Zonal Council. The Zonal Council would provide a forum for meeting the representatives of the States as well as Centre at a periodical interval for a disussion on common problems. A great deal has to be done to bring about closer cooperation between the two. One is not merely referring to irrigation and power plants, but more important are industrial and fiscal measures for removing vexatious imbalances in wealth tax rates and others. The Zonal Council could be a useful instrument for promoting this kind of Centre-State cooperation. They have failed to live upto the expectations because the States would not take it seriously enough. The Council needs to be activised to meet and discuss wider range of issues.

Sir, I conclude by saying that people will ultimately measure the performance of both Centre and State Governments only by one yardstick and that is whether or not the policies they have followed, the plans they have drawn and the schemes they have implemented are going to better their living conditions, living conditions of the common people in the country. I want that this should be kept in mind by the Janata Government and they should try to improve the conditions of the common people in this country.

MR. DEPUTY SPEAKER: Mr. Ram Vilas Paswan.

श्री डी० जी० गवई (बुलडाना) उपसभापति महोदय, मेरा एक व्यवस्था का प्रश्न है।

उपाध्यक्ष महोदय : कोई व्यवस्था की बात नही है।

श्री डी० जी० गवई **

MR DEPUTY-SPEAKER: You expunge the whole thing.

श्री डी० जी० गवई वाक आऊट करते है और सदन से उठ जाते है।

Shri D. G. Gavai along with Shri Kacharulal Hemraj Jain then left the House.

MR. DEPUTY-SPEAKER: You expunge the whole thing. It is very

**Expunged as ordered by the Chair.

[Mr. Deputy-Speaker]

unfortunate that the Member should have made such a statement There has been no partiality Every group is being given time here In spite of it, if some Members or some small group want precedence over bigger groups, I cannot help it

Yes, Mr Paswan

श्री राम विलास पासवान (हाजीपुर) उपाध्यक्ष महोदय, मैं आज कुछ नीति का मामला सरकार के सामने रखना चाहता हू। पहला नीति का मामला यह है कि

MR. DEPUTY-SPEAKER I must make one thing very clear that those individuals or Independent Members who might have spoken on the Railway Budget and also Motion of Thanks, want to speak again on this they will not be permitted now

श्री राम विलास पासवान पहली चीज यह है कि भारत की जनता अपनी गरीबी से इतनी त्रस्त नही है जितना कि दूसरो की अमीरी से त्रस्त है। उपाध्यक्ष महोदय, हमारे वित्त मत्री जी यहां बैठे हुए है। मैं उनसे एक ही आग्रह करूगा कि जनता पार्टी की सरकार बनने के एक साल के बाद वे कम से कम इस सदन म यह घोषणा कर दें कि हम एक-दस का रेशो नही, एक-बीस का रेशो नहीं, एक-सौ का रेशो इस देश मे रखेंगे। आज टाटा और बिरला की आमदनी एक तरफ है और दूसरी तरफ़ गरीब की प्रतिदिन की आमदनी है। इसलिए मैं वित्त मत्री जी से आग्रह करूगा कि वे कम से कम एक और सौ का अन्तर रख दें। अगर यह भी सभव न हो तो एक और हजार का अन्तर रख दें। लेकिन एक तरफ तो एक व्यक्ति की प्रतिदिन की आमदनी साढे तीन लाख रुपया और एक गरीब की आमदनी प्रतिदिन तीन और डेढ रुपया है। मैं समझता हू कि यह लाख और दो लाख का प्रतिदिन का अन्तर है।

सरकार ने एक भूतलिंगम कमेटी बनाई थी। मैं जानना चाहता हूं कि उस समिति की रिपोर्ट कब तक सदन के सामने आयेगी? कब उनकी रिपोर्ट पर आप अमल करेंगे? हम लोगो को यह चीज अभी तक मालूम नही हो सकी है।

आज दाम बाधने की बात कही जाती है। बहुत से माननीय सदस्यो ने इस चीज को यहा पर उठाया है। लेकिन यह बात तो दूर रही आपने कर किन चीजो पर लगाये है? जो जीवनोपयोगी वस्तुए है उन पर लगाये है। कोयले बिजली, गैस कैरोसीन आयल सबकी कीमते बढने जा रही हैं। देहात मे लोगो के खाना बनाने का एक मात्र साधन कोयला है और वही लोगो को महगा मिलेगा। एक साधन गरीबो के लिए बिजली और वही महगी हो जायेगी। शहर के लोगो के लिए गैस है, कैरोसीन आयल और उन सब की कीमतें बढ जायेंगी। क्या आप यह कह सकते है कि यह सब काम आप गरीबो के लिए कर रहे है? जब किसान द्वारा पैदा की गई चीज का दाम बढता है तो बहुत हल्ला होता है। लेकिन आज आप गन्ने के दाम को देखें और चीनी के दाम को देखे। मैंने सदन मे प्रश्न उठाया था और मत्री जी से प्रार्थना की थी कि जनता पार्टी की सरकार बनने के एक साल के बाद आप जितनी भी जीवनोपयोगी वस्तुए है उनकी कास्ट आफ प्रोडक्शन मालूम करके हमे दे दें और साथ ही साथ गन्ने आदि खेती की जो चीजे है उनका उत्पादन का खर्च क्या पडता है इसका हिसाब लगा कर दे दें, चीनी के उत्पादन का कितना खर्च पडता है, एक दवाई जो टेरामाइसीन है या कोई और जीवनोपयोगी वस्तु है उन सब–वस्तुओ की कास्ट आफ प्रोडक्शन आप हमे बता दें तो माननीय सदस्य खुद मालूम कर लेंगे कि बडे बडे उद्योग धधे चलाने वाले जो लोग है, जो कैपिटलिस्ट लोग है वे कितना मुनाफा कमा रहे हैं और किसान को कितना मुनाफा या घाटा हो रहा है। तब आपके

अफसरों से हिसाब लगवाने की जरूरत नहीं रह जायेगी। मैं चाहता हूं कि यह जानकारी हमें आप एकत्र करके दे दें।

आपने कहा है कि चालीस परसेंट आप ग्रामीण विकास के लिये खर्च करने जा रहे हैं। कहां यह चालीस परसेंट बनता है। 20, 22 या 23 परसेंट ही आपने इस काम के लिए रखा है जो गांवों के एक्चुअल विकास में लगेगा। इस बात को मैं मानता हूं कि विगत सरकार द्वारा जितना खर्च किया जाता था उससे यह अधिक है। लेकिन जिस नारे को दे कर हम जीत कर आये हैं, जो बातें हम गांव वालों को कह कर आये हैं उनकी इससे पूर्ति नहीं होती है। आज तक हम उनको यही कहते रहे हैं कि आप हमारे बजट को देखना। लेकिन इससे निराशा हुई है।

हमारे साथी ने कहा है कि एक हजार करोड़ का घाटा इसमें दिखाया गया है। क्यों नहीं आप इस घाटे की पूर्ति बड़े बड़े पूंजीपतियों पर, टाटा, बिड़ला आदि जो बड़े बड़े परिवार हैं उनसे करते हैं। यह चीज हाउस में आ जानी चाहिये और तब पता चल जायेगा कि कौन इसका विरोध करता है और कौन समर्थन करता है। एक बार घाटे को आप पूरा करने के लिए इस प्रकार का कदम उठाएं तो सारी चीज साफ हो जायेगी। इसके लिए आपको निश्चित रूप से अपना मन बनाना होगा, कोई न कोई क्रान्तिकारी कदम उठाना होगा। अमीर भी खुश, गरीब भी खुश, मध्यम श्रेणी भी खुश और अफसर और चपड़ासी भी खुश इस तरह से सरकार नहीं चलेगी। स्पष्ट नीति आपकी होनी चाहिये। किसके लिए हम सब काम कर रहे हैं यह स्पष्ट हो जाना चाहिये।

भाषा नीति को आप लें। धारिया साहब बैठे हुए हैं। मैं चाहता हूं कि मेरी इस बात को वह शिक्षा मंत्री तक अवश्य पहुंचा दें। हम लोग जीवन भर रटते रहे हैं, जो कोई भी डा० लोहिया का चेला या शिष्य रहा है, वह रटता रहा है, हमेशा से नारा लगाता रहा है कि राष्ट्रपति का बेटा या चपड़ासी की हो संतान, बामन या भंगी का बेटा, सब को शिक्षा एक समान। हमेशा कहते रहे हैं कि शिक्षा एक समान होनी चाहिये। कुछ राज्यों की सरकारों ने इसको लागू कर दिया है। बिहार की सरकार ने लागू कर दिया है। गंगोत्री जहां से गंगा का पानी निकलता है यहां हम कहते हैं कि पब्लिक स्कूलों को रहने देंगे, अंग्रेजी को रहने देंगे। डर के मारे कब तक आप भागेंगे? मैं भाषा विवाद में जाना नहीं चाहता हूं। लेकिन मैंने और मेरे साथियों ने हजार बार कहा कि दो भाषायें कम्पलसरी कर दी जाये, एक दक्षिण की और एक उत्तर की भाषा। दोनों को कम्पलसरी करके एक धारा बहाई जाये। उसमें हमको घाटा नहीं है। जो दक्षिण के साथी हैं उनको स्वयं घाटा है। दक्षिण में एक से एक बढ़ कर लोग पैदा हुए हैं, एक से एक बढ़ कर इंटेलेक्चुअल लोग पैदा हुए हैं। समाज सेवी पैदा हुए लेकिन वह पूरे देश के नेता नहीं बन पाये भाषा की वजह से क्योंकि उनकी भाषा सीमित क्षेत्र में रह जाती है। इसलिये देश में सच्ची गंगा बहनी चाहिये, इसके लिये आवश्यक है कि दो भाषाओं को कम्पलसरी कीजिये—एक उत्तर की भाषा और एक भाषा दक्षिण की। और अंग्रेजी को दफ़ना दीजिये, उसके मोह में न पड़िये। आप हिन्दी को अपना दुश्मन न समझें और हम आपकी भाषा को अपना दुश्मन न समझें।

बेरोजगारी के बारे में सरकार ने घोषणा की है कि 10 साल में बेरोजगारी हटायेंगे, गरीबी हटायेंगे। एक साल पूरा हो गया क्या जितने बेरोजगार थे उसमें से 10वें हिस्से को आप रोजगार दे सके? नहीं दे पाये। जो आपका बजट है उसके तहत आप 10 साल तो क्या 100 साल में भी बेरोजगारी को नहीं हटा सकते हैं। यह सरकार के बलबूते के बाहर की चीज है। क्या आपने कभी

[श्री राम विलास पासवान]

सोचा कि जितना रुपया खर्च होता है लडको की पढ़ाई पर 26 साल के बाद 27 साल मे वह बूढ़े हो गये। उसके बाद उसको नौकरी नही मिलती है। तो या तो आप नौजवान को रोजगार दें, नही तो बेरोजगारी का भत्ता दें। यह सरकार का दायित्व हो जाता है। इसी प्रकार हमारा कहना है कि आयु की सीमा को आप खत्म कर दीजिये। जब हमको 55 या 58 वर्ष की आयु तक नौकरी करने का अधिकार है तो हम 54 वर्ष या 57 वर्ष तक नौकरी पा सकते हैं, भले ही हम एक साल नौकरी करे। आप क्यो रोक लगाते हैं। हम 26 साल के बाद बूढे हो जायेगे और आप 70 साल तक जवान रहे। तो या तो 27 साल के पहले सब को नौकरी दीजिये, नही तो 57 वर्ष तक नौकरी पाने का हमको अधिकार होना चाहिये। आप आयु की सीमा को समाप्त कीजिये।

जाति नीति के बारे मे हमने शुरू से कहा है, आज बिहार की स्थिति को जो रूप दिया जा रहा है वह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। बिहार मे दुखद स्थिति हो गई है। इसी को रोकने के लिये हमने शुरू मे नारा लगाया था पिछडा पावे सौ मे साठ। और उसमें हमने हरिजन, आदिवासी और तमाम औरत समाज को रखा था। उसमें कही कोई कटुता की बात नही थी। ऊची जाति की भी जितनी औरतें थीं उन सबको हमने पिछडी श्रेणी में रखा था। यह डा० लोहिया की दृष्टि थी। और यह लोग जानते थे कि आने वाली पीढ़ी को आप नहीं रोक सकते है, उसको कभी भी बरगलाया जा सकता है। इसलिए जाति नीति का मामला स्पष्ट रूप से देश के सामने रखना चाहिए और विचार कर के एक स्पष्ट नीति तय करनी चाहिए।

बहुत खेद होता है कि हरिजन का सवाल उठता है। मैं बजट को देख रहा था कि आपने हरिजनों के लिए कितना रुपया रखा है, पिछडे वर्गों के कल्याण के लिये कितना रखा है। 1 प्रतिशत। आज भी जब कि दिन रात हरिजन, आदिवासी की दुहाई देते हैं लेकिन बजट मे उनके लिए रखते हैं 1 प्रतिशत। हमारे कांग्रेस के लोग जब इधर से मामला उठता है तो बहुत खुश होते हैं। मैं पूछना चाहता हू कि आप 9 मार्च के अखबार को देखें। कर्नाटक मे आपकी सरकार है, और वहा पर हरिजनो को कुएं पर चढ़ने नही दिया जाता है। घोषणा की जाती है कि यह कुआ है जहा हरिजन नही जा सकता है। और जब हरिजन जाता है पानी भरने के लिए तो पुलिस के सामने उसको कोड़े से पीटा जाता है और पुलिस अफसर वहा चुपचाप खडा देखता है। हमने काल अटेंशन दिया है, पता नही स्वीकार होगा कि नही, लेकिन मैं कहता हू कि आप हमें ही क्यो कहते है? जहा आपका राज्य है वहा भी तो देखिए कि उनके साथ आपकी सरकार क्या व्यवहार कर रही है।

जो अफसरशाही है इसके लिए सरकार को एक स्पष्ट नीति बनानी पड़ेगी। मैं तो जब भी टेलीफोन करता हू सेक्रेटेरियट मे तो सुन कर दग रह जाता हू कि 75 प्रतिशत लोग हिन्दी नहीं जानते हैं। मुझे कहना पडता है कि आप हिन्दी जानते है कि नही ? तो जवाब आता है कि नही मैं हिन्दी नहीं जानता। और हम लोग कहते है कि हिन्दी मे भी काम करो, और अंग्रेजी मे भी काम करो। यहां आई० ए० एस० अफसरों का एक गिरोह बना हुआ है। हम लोग जब किसी चीज के विषय मे मंत्री महोदय को लिखकर देते हैं तो जवाब आता है कि मैंने स्वयं इसका निरीक्षण किया, मैंने स्वयं कागजात देखे और यह तथ्य पाया है। मैं कहता हूं कि शायद ही कोई मंत्री ऐसे होंगे जो एम० पी० के लिखे पत्र को और जो अफसर ने जवाब बनाया है, उसको पढ़ते होगे। सिर्फ वह दस्तखत ही करते हैं। जो जवाब अफसर बनाकर देते हैं वह हम लोगो के पास आ जाता है।

वह बड़े बड़े अफसर, आई०ए०एस० अफसर होते हैं, उनसे बड़ा कोई अधिकारी नहीं

होता। आई०ए०एस० के विरुद्ध कौन इन्क्वायरी करे? इनका एक गिरोह बना हुआ है और उसमे ऐसा है कि अगर किसी आई० ए० एस० अफसर के विरुद्ध इन्क्वायरी हो तो उसके खिलाफ एडवर्स रिपोर्ट नही देनी है।

आज सरकार के फैल्योर का मामला हो रहा है। सरकार का फैल्योर नही होगा, इन्होंने कौन से अफसर को हटाया है? जितने भी एमर्जेंसी के समय अफसर थे वह आज वही पर बैठे हुए है।

यहा इस समय आवास मत्री श्री सिकन्दर बख्त नही है और श्री राम किंकर भी नही है। 18 मई को यहा की विकास मीनार मे मेरा भाषण हुआ था। 19 मई को वहा एक कमल कान्त चड्ढा नाम के जूनियर स्टैनोग्राफर, जा कि अप्रैल मे सीनियर स्टैनोग्राफर हो गया था, ने 18 मई का एक महीने की छुट्टी ली, चूकि उसे रिलीव नही किया गया था, इसलिए उसने छुट्टी ली। वह कहने के लिए गया कि हमको रिलीव किया जाए, लेकिन उसको रिलीव नही किया गया। 19 मई को सवेरे वह गया और उसने फिर कहा कि हमको रिलीव कीजिए, नही तो मेरे 5 बच्चे भूखे मर जायेंगे, बाप मेरा अकेला है। लेकिन उसको कहा कि मर जाओ। वह बेचारा 17 मजिल की विकास मीनार से कूदकर मर गया, उसने 19 मई को आत्महत्या कर ली। उसके बाद उसी दिन हमको टेलीफोन आया, श्री सिकन्दर बख्त घर पर थे, मैंने उनको लिया और वहां पर गया। वहा के सेक्रेटरी ने कहा कि यह अफसर इदिरा गाधी और सजय गाधी का भेजा हुआ एक पी० एल० मदान है जो कि एडीशनल एडवाइजर था, जो ओवरएज हो चुका था, लेकिन फिर भी उसको पैसा कमाने के लिए रखा हुआ था। लोगो ने वहा कहा कि पी०एल० मदान की वजह से ही इसकी हत्या हुई है। उसके पास से एक चिट भी निकली जिसमें लिखा हुआ था कि इसी अफसर के कारण उसको आत्महत्या करनी पड रही है। वह चिट भी श्री० एस०पी०-म पुलिस अधिकारी को दिया गया।

मिनिस्टर ने घोषणा की कि प्रधान मंत्री फड से 5 हजार रुपए उसके परिवार के लिए दिए जाते हैं। मिनिस्टर ने कहा कि कहा है पी० एल० मदान, उसको पकड़ो और जेल के बन्द करो। मालूम हुआ कि पी० एल० मदान लिफ्ट से निकलकर चला गया है। तीन दिन के बाद जब अखबार मे देखने को मिला तो पुलिस रिपोर्ट मे यह कहा था कि पी० एल० मदान उस दिन छुट्टी पर थे।

आप समझ सकते है कि जहा भारत सरकार का मत्री जाता है, एम०पी० जाता है, बिहार के मुख्य मत्री श्री कार्पूरी ठाकुर वहा गए और सारे आफिसर्स और एम्पलाइज ने कहा कि उसी के कारण आत्महत्या की, वह रूम मे कही बैठा हुआ होगा, और तीन दिन के बाद जब मामला आता है तो मालूम हुआ कि वह अफसर तो उस दिन आया ही नही था। यह अफसरशाही का नगा नाच है। इसलिए इस अफसरशाही के चलते, मैं यह आपसे कहता हू कि हरिजनो और छोटे वर्ग के लोगो का भला होने वाला नही है।

आज बेलछी काड पर आप लोग सस रहे है, लेकिन आप भूल रहे है कि आपके शासन काल मे बिहार मे रूपसपुर मे कितना वभित्स काड हुआ था? 200 आदिवासियो के घरो को जिन्दा जला दिया गया था और बाद मे रिपोर्ट आई कि 14 लोग मरे है। एक कांग्रेस के नेता थे उस समय जो कि बिहार के स्पीकर रह चुके है, उन्होने और उनके भाई ने अपने हाथो से जलाया था। उसके बाद मामले को दबा दिया गया। एमरजेंसी के दौरान क्या हुआ?

आज हमको इस बात की खुशी है कि भारत सरकार की इतनी उदारता तो जरूर है कि कम-से-कम थोडी सी भी कही घटना होती है, तो पार्लियामेंट मे उसकी गूज होती

[श्री राम विलास पासवान]

है और हम उसको रख लेते हैं, हमको खुशी है कि आप भी उसमे साथ देते हैं। लेकिन मैं आपसे यह कहूंगा कि आपके यहां भी यदि कोई | घटना घटे,| तो उसकी चर्चा होनी चाहिए । मैं तीन दिन से देख रहा था कि हमारे कर्नाटक के कोई साथी नही जो पार्लियामेंट में हरिजनो का सवाल उठायें, ध्यान आकर्षण प्रस्ताव लायें, लेकिन आप नहीं ला सके हैं। आप अभी भी अपनी सरकार को देखते हैं और बोलते नही कि कहीं इन्दिरा गांधी हम पर नाराज न हो जाये। अगर हम कहीं बोले तो हमारी सरकार के विरुद्ध पड जायेगा।

आज कही भी हरिजनों, आदिवासियों और कमजोर वर्ग के लोगों पर अगर अत्याचार होता है, जुल्म होता है तो उसको इस सदन में उठाते हैं और दिलेरी के साथ अपनी बात कहते हैं। लेकिन आप लोग इस तरफ ध्यान नही देते है।

हमें एक बात और बहुत अफसोस के साथ कहनी पडती है। हम लोग जिस गुरु के चेले है, आप दिल्ली शहर मे कहीं भी चले जाइए, मैं नही कह सकता हूं कि क्या लैंगुएज मैं इस्तेमाल करू, प्राय और सब लोगों का कही न कही स्टेचू लगा हुआ है, लेकिन डा० राम मनोहर लोहिया और डा० श्यामा-प्रसाद मुखर्जी, श्री सुभाष चन्द्र बोस, डा० अम्बेडकर जैसे आदमियो का जिनका देश मे व्यापक स्थान है, उनका स्टेचू कही नहीं है। खास तौर पर डा० राम मनोहर लोहिया और डा० श्यामा प्रसाद मुखर्जी का तो बिकुल ही नही है।

जब सार्वजनिक छुट्टी का मामला आता है तो जनता पार्टी की सरकार को सार्वजनिक छुट्टी की घोषणा करनी चाहिए कि इन माननीय नेताओं के जन्म दिवस को यह मानती थी।

मैंने जो मामला उठाया है, वह नीति का मामला है—जाति नीति, भाषा नीति, शिक्षा नीति, विदेश नीति, सेना नीति, दाम बांधो नीति। अगर हम इन नीतियो का अनुसरण करेंगे, तो हमे सफलता मिल सकती है। लेकिन जो हमारा स्तम्भ है, अगर हमने उसे छोड दिया, तो लाख बजट बनाने से भी कुछ नही होगा। इस बजट की प्रतिया एक ट्रक मे लद कर पार्लियामेंट हाउस में आती है। लेकिन हम लोगो के एक साधारण से कार्यकर्ता से जाकर पूछिये—सारा बजट उसको रटा हुआ है। सरकार इस आधार पर काम करे, इसमे मुल्क की भलाई है, हमारी और आपकी भलाई है।

उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपको बहुत बहुत धन्यवाद देता हू कि आपने मुझे अवसर दिया।

SHRI R KOLANTHAIVELU (Tiruchengode) Respected Deputy-Speaker, Sir in welcoming this budget, let me say that this first budget of 1978-79, to me it appears, is an excellent budget after the Janata Party's Government coming to power But, inherently, this is an unhealthy one because the Finance Minister s speech and the budget for 1978-79, of course, have its merits and demerits also But, I do not say anything about the unnecessary remarks

15 53 hrs

[SHRI M SATYANARAYAN RAO *in the Chair*]

Here, our Finance Minister has miserably failed to consider the matter of Ganga-Cauvery Scheme. At least he ought to have uttered a word about it but he has not. If you want to eradicate the food problem, water problem etc Ganga-Cauveri scheme must be taken into consideration.

The Finance Minister's budget speech had no doubt caused many eyebrows to be raised. He has no doubt stated that if poverty and unemployment are to be eliminated, the agriculture, small industries and rural industries must play an important role. Of course, I welcome this suggestion. If it is so, the first step would be to eradicate the problem of scarcity of food. If the Ganga-Cauvery Scheme is taken up, the unemployment problem will be done away with and the whole soil of our country will be made into a green field. Now only the northern part of our country has sufficient water for its storage, but the southern part has not. The budget is very much silent about the fast improvement of agricultural production and the allocation of fund is very low. This could have been much more, then only we can say that it is somehow better than the previous Government in this particular aspect.

The budget had a serious impact on the progress and future of the industries especially on the engineering side. After the budget, to-day, the engineering industry has to face a grave situation because of taking away some of the clauses such as 'incentives'. In the budget, the imported machinery had been made cheaper by reduction of duty and the Indian product had been made more costly because of enhancement of the excise duty on the unspecified products from 2 per cent to 5 per cent. The increase is also due to the cost of power and coal. The curbs on publicity and advertisement expenses and the discontinuance of export market development allowance, that permitted deduction of the amount of expenditure, it would have a big impact on the promotion of engineering exports.

As stated above, the harsh impact of power levy created serious problems for many States and industries because their selling price of aluminium has already been raised; the producers of caustic soda and other chemicals are also likely to raise their prices. The price of fertilisers and cement that are the common-man's needs, of course, will have to be raised due to the levy on electricity.

Though several incentives were offered by Janata Government soon after it came to power to induce and encourage the private sector to participate in the rural development, yet nothing of that sort is encouraged upto the expectation of the common-man in the budget.

More than that the poor record of collection of income tax and corporation tax during the current year which has fallen below the budget estimate instead of progressive growth, the cause of it has not been explained in the budget.

The sale of gold at the international price is a main feature of the economy of our country and this has to be observed very seriously.

Though the Janata Government has taken very serious steps with regard to the price situation of our country—inspite of conflicting views in the higher level—the prices were not brought under control. We can very well see that the whole-sale price index is coming down but the retail and consumer prices are shooting up simultaneously. Why is this happening? This is happening because the Ministers are dancing to the tune of big traders. It becomes clear from the Budget that the Finance Minister has aimed to take away the financial powers of the States so that the States may approach the Centre for more aid and thus the Centre is able to exercise its influence. On the other hand the Finance Minister should have attempted to improve the purchasing power of the individual or a family which he has failed to do so through this budget. He tries to ride two horses at a time, where in this respect one cannot.

[Shri R. Kolanthaivelu]

Sir, as a Member from Tamil Nadu and on behalf of my party, namely, All India Anna-DMK I want to lodge protest on the Floor of this House about the miseries and sufferings experienced by the people I also would like to lodge protest against the levy on electricity.

